बच्ची को जन्म देने के बाद प्रसूता की मौत

चित्रकूट। मारकुंडी थाना क्षेत्र के अमचुर नेरुआ गांव के मार्कण्डेय पुरवा निवासी विजय कोल ने बताया कि सोमवार की सुबह उसकी पत्नी मेनका कोल (४०) को तेज प्रसव दर्द होने पर उसे मानिकपुर सीएचसी लाकर भर्ती कराया। कुछ घंटे बाद अस्पताल के डाक्टर व स्टाफ ने उसकी हालत नाजुक होने की बात कहकर रेफर कर दिया। एंबुलेंस से जिला अस्पताल ला रहे थे तो सरैंया के पास महिला ने स्वस्थ्य बालिका को जना। इसके बाद महिला की हालत और नाजुक हो गयी। जिला अस्पताल पहुंचने के पूर्व ही उसकी मौत हो गयी। महिला के पति

परिजनों ने लापरवाही का लगाया आरोप

ने आरोप लगाया कि मानिकपुर अस्पताल में पहले उसे रेफर किया जाता तो समय से जिला अस्पताल पहुंच जाते और बच्ची जनने के बाद महिला को इलाज मिल पाता। एंबुलेंस में पूरा इलाज नहीं मिल पाया। मानिकपुर में ही यदि उसे रखा जाता तो बच्चा जनने के बाद प्राथमिक इलाज तो मिल ही जाता और शायद महिला की जान बच जाती। मृतका का मंगलवार को पुलिस की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया। नवजात को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह उसकी पांचवी डिलेवरी थी। इस संबध में सीएचसी प्रभारी डा. मनोज सोनकर ने बताया कि रेफर करने में कोई देरी नहीं की गयी है।

कटी हुई फसल को सुरक्षित स्थान पर रखें किसान

चित्रकूट। उप कृषि निदेशक जेएल गुप्ता ने बताया कि प्रादेशिक मौसम विज्ञान केन्द्र लखनऊ एवं जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जारी मौसम बुलेटिन के अनुसार बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहे चक्रवाती मौसम तंत्र के प्रभाव से २८ एवं २९ अक्तूबर को जनपद में मेघगर्जन, वज्रपात, तेज हवाओं एवं भारी वर्षा की सम्भावना है। मौसम प्रणाली के प्रभाव से जनपद में प्रतिकूल मौसम की स्थिति उत्पन्न होने की सम्भावना के दृष्टिगत् जनपद के समस्त किसानो से अपील की जाती है कि कटाई के लिए तैयार फसलों की मौसम की स्थित के अनुसार शीघ्र कटाई करे तथा कटी हुई फसलों एवं खुले में रखी कृषि उपज को सुरक्षित एवं ढके हुये स्थानों पर रखने की व्यवस्था सुनिष्चित की जाये।

डेढ़ साल की बच्ची की हौज में डूबने से मृत्यु

चित्रकूट। मऊ थाना क्षेत्र के बंबुरी गांव में सोमवार को दर्दनाक हादसे में डेढ़ साल की बच्ची की सीमेंट के हौज में डूबने से मौत हो गयी। बच्ची घर के पास खेल रही थी। परिजन उसे हौज से निकालकर तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। जहां डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृत बच्ची की पहचान मेहनूर बानो के रूप में हुई है। वह राजूबांन और खुसनुमा की बेटी थी। हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

नौकरी का झांसा देकर युवती से किया दुराचार

चित्रकूट। मऊ जिला निवासी एक युवती परिजनो से नाराज होकर मुंबई जा रही थी। मानिकपुर में चित्रकूट निवासी सिराज हुसैन सिददीकी मिला और उसे नौकरी का झांसा देकर कर्वी ले आया। कमरे में बंधक बनाकर दुराचार किया। किसी तरह वहां से भागी युवती ने पड़ोसियों की मदद से पुलिस तक पहुंची। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। शहर कोतवाल अभयराज सिंह ने बताया कि १५ अक्तूबर को कपसेठी चित्रकूट निवासी सिराज हुसैन को मानिकपुर स्टेशन पर दादर एक्सप्रेस से मुंबई जा रही मऊ जिले के एक गांव की युवती मिली। बातचीत में बताया कि

आरोपित गिरफ्तार

वह घर से नाराज होकर नौकरी करने मुंबई जा रही है। इस पर सिराज उसे कर्वी में ही नौकरी दिलाने का भरोसा देकर अपने साथ लिवा लाया और कपसेठी स्थित एक घर में ले गया। युवती ने बताया कि आरोपित ने उसे धमकी देकर दुराचार किया। इससे वह डरी रही और सुबह किसी तरह छत के रास्ते से सड़क पर पहुंची और पड़ोसियों की मदद से कोतवाली पहुंची। मामले की जानकारी पर आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने युवती का बयान दर्ज कराया। तब से आरोपित फरार चल रहा था। सोमवार की रात को मंदाकिनी पुल के पास से आरोपित सिराज को पकड़ लिया। मंगलवार को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है। युवती को उसके परिजनों को बुलाकर सौंप दिया गया।

पुलिस एवं प्रशासन ने रुकवाया किशोरी का निकाह

जौनपुर। शाहगंज नगर के एराकियाना मोहल्ला स्थित एक मैरिज लान में बाल विवाह कराए जाने की सूचना पर पुलिस और महिला कल्याण विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर एक किशोरी का निकाह रुकवा दिया।

मिली सूचना के आधार पर बाल संरक्षण अधिकारी चंदन राय की टीम कोतवाली पुलिस के साथ मौके पर पहुंची। जांच के दौरान दुल्हन के नाबालिग होने की पुष्टि हुई। इसके बाद अधिकारियों ने निकाह की रस्म रुकवा दी और किशोरी को विभागीय संरक्षण में ले लिया गया। प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद दूल्हा पक्ष और बरात को बैरंग वापस लौटना पड़ा।

करवा चौथ को लेकर बाजारों में रौनक, खरीदारी के लिए उमड़ीं सुहागिनें



मुंगराबादशाहपुर (जौनपुर)। मुंगराबादशाहपुर में करवा चौथ पर्व नजदीक आते ही बाजारों में चहल-पहल बढ़ गयी है। चूड़ी, साड़ी और आभूषणों की दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मछलीशहर कस्बे में जंघई तिराहे से लेकर सीएचसी तक सड़क किनारे पूजन सामग्री और शृंगार की दुकानें सज चुकी हैं। महिलाएं रोली, अक्षत, कलावा, करवा चौथ व्रत कथा की पुस्तक, छलनी, दीपक और पारंपरिक मिट्टी के करवे की खरीदारी कर रही हैं। क्षेत्र के मीरगंज, सुजानगंज, पवांरा, जंघई, गरियांव और बरईपार बाजारों में भी रौनक है। ज्वैलरी में हल्के वजन की नथ, टाप्स और अंगूठियों की अधिक मांग देखी जा रही है। वहीं, त्योहारी सीजन को देखते हुए कस्बे के ब्यूटी पार्लरों में भी महिलाओं को विशेष आफर और छूट दी जा रही है।

विकास के वादे हवा-हवाई, केराकत के वार्ड नंबर ९ में बुनियादी सुविधाओं का अभाव

तहसील क्षेत्र मछलीशहर एवं

जौनपुर। केराकत कस्बे के मोहल्ला सिपाह प्रथम (वार्ड नंबर नौ) के बाशिंदे वर्षों बाद भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि चुनाव के समय किये गये वादे पूरे नहीं हुए, जिससे वार्डवासियों में स्थानीय जनप्रतिनिधि के प्रति रोष बढ़ रहा है। मोहल्ले में जल निकासी के लिए नालियों, इंटरलाकिंग सड़कों और बिजली के खंभों की गंभीर समस्या बनी हुई है। इसके अलावा, कई पात्र लाभार्थी राशन कार्ड, विधवा पेंशन और वृद्धावस्था पेंशन जैसी कल्याणकारी योजनाओं से अब तक वंचित हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि आगामी चुनावों में केवल आश्वासनों पर भरोसा न कर, विकास कार्यों के आधार पर ही निर्णय लिया जायेगा।

राठौर महासभा की भारत यात्रा का जौनपुर में भव्य अभिनंदन

जौनपुर। भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के तत्वावधान में निकाली जा रही 'भारत यात्रा' के जनपद आगमन पर साहू धर्मशाला सभागार में भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक एकता, सेवा, संस्कार और स्वाभिमान को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया गया।समारोह के मुख्य अतिथि एवं यात्रा संयोजक एस.पी. गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि प्रीति गुप्ता ने महात्मा गांधी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने समाज को संगठित करने और नई पीढ़ी को उच्च शिक्षा, संस्कार एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करने पर बल दिया।

अधिवक्ताओं ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में 'अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम' लागू कराने की मांग को लेकर बदलापुर तहसील में अधिवक्ताओं ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। इसके उपरांत राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को सौंपा गया।

सिविल कोर्ट जौनपुर के अधिवक्ता शिव कुमार मिश्र के नेतृत्व में तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मांग की कि सुरक्षा विधेयक को आगामी सत्र में पारित कराकर कानून बनाया जाए। अधिवक्ताओं ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। शीघ्र मांग पूरी न होने पर जौनपुर से लखनऊ विधानसभा तक पदयात्रा निकालने की चेतावनी दी गयी।

पुस्तकों के गहन अध्ययन से व्यापक होता है ज्ञान-कुलपति प्रो. राकेश सिंह

जौनपुर। भारत सरकार के 'विज्ञान ज्योति' कार्यक्रम के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय, मड़ियाहूं की छात्राओं ने मंगलवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्राओं ने अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और शोध गतिविधियों का अवलोकन किया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि पुस्तकों का नियमित अध्ययन समझ को व्यापक बनाता है। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं (इंजीनियरिंग एवं मेडिकल) की तैयारी के लिए एनसीईआरटी की पुस्तकों के गहन अध्ययन पर जोर दिया। विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. प्रदीप कुमार ने आधुनिक जैव प्रौद्योगिकी तकनीकों एवं डीएनए फिंगरप्रिंटिंग की उपयोगिता समझाई। भ्रमण दल ने प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन संस्थान सहित फार्मेसी और इंजीनियरिंग संकाय का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एमडीएम में मिली वित्तीय अनियमितता

चित्रकूट। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर के प्राचार्य बीके शर्मा ने मंगलवार को सदर व मानिकपुर ब्लाक के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी

डायट प्राचार्य ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय और परिषदीय विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

आवासीय बालिका विद्यालय मानिकपुर एवं उच्च प्राथमिक व प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय मऊ ब में पंजीकृत २०२ छात्रों के सापेक्ष मात्र ७० छात्र उपस्थित पाये गये। प्रधानाध्यापक द्वारा निरीक्षण के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं की संख्या गलत बताई गयी। एमडीएम पंजिका के मिलान व भौतिक सत्यापन में पाया गया कि प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश सिंह द्वारा प्रतिदिन लगभग ७४ बच्चों की संख्या अधिक दर्शाकर शासकीय धन का उपयोग अपने निजी हितध्लाभ के लिए किया जा रहा है जो घोर वित्तीय अनियमितता, भ्रष्टाचार एवं गबन की श्रेणी में आता है। इस पर डायट प्राचार्य ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि शासकीय धन के दुरुपयोग का आकलन कर प्रधानाध्यापक के वेतन से रिकवरी करते हुए कारवाई सुनिश्चित की जाए। इसके पश्चात प्राथमिक विद्यालय मिरिया पुरवा का निरीक्षण किया। १३१ छात्रों के सापेक्ष १०३ छात्र उपस्थित पाये गये। विद्यालय में एक इंचार्ज प्रधानाध्यापक उपस्थित मिले। जबकि दो शिक्षामित्र एफएलएन प्रशिक्षण में प्रतिभाग के लिए गये थे और एक सहायक अध्यापक उपस्थित पाये गये। विद्यालय का भवन जर्जर अवस्था में है। जिसके कारण यह उच्च प्राथमिक विद्यालय मऊ ब में संचालित हो रहा है। इसके उपरांत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मानिकपुर का निरीक्षण किया गया। जहाँ १२५ छात्राओं के सापेक्ष ८९ छात्राएं उपस्थित पायी गईं। विद्यालय में शिक्षिकाओं की उपस्थिति शत प्रतिशत रही, किंतु गेट के बाहर पानी की टंकी खराब मिलने के कारण छात्रावास में पानी की सप्लाई बाधित पायी गयी। जिसे तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिये गये। डायट प्राचार्य द्वारा निरीक्षण आख्या जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रेषित करते हुए निर्देशित किया गया है कि आख्या में उल्लिखित बिंदुओं एवं वित्तीय अनियमितता के मामलों पर यथा आवश्यक नियमानुसार कड़ी कारवाई सुनिश्चित करें तथा कृत कारवाई से अवगत कराएं।

व्यावसायिक चुनौतियों से निबटने के लिए कुशल रणनीति अनिवार्य-प्रो. गूजर

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग (प्रबंध अध्ययन संकाय) में 'व्यवसाय प्रबंधन : उद्देश्य एवं चुनौतियां' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गयी। मुख्य वक्ता महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रो. सी.पी. गूजर ने कहा कि आधुनिक प्रतिस्पर्धी बाजार में वही व्यवसाय सफल हो सकता है, जो समय रहते चुनौतियों को पहचानकर ठोस रणनीतियां बनाए।

नवनियुक्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों एवं विस प्रभारियों का हुआ स्वागत

चित्रकूट। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों तथा दोनो विधानसभा प्रभारियों के जनपद में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य के नेतृत्व में जोरदार स्वागत अभिनन्दन किया। स्वागत कार्यक्रम व परिचय बैठक में विशेष रूप से क्षेत्रीय मंत्री आनंद पटेल, जिला उपाध्यक्ष आलोक पांडेय तथा मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नवनियुक्त सदस्य प्रदेश कार्यसमिति चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, भैरो प्रसाद मिश्र,

बैठक कर संघटन मजबूती पर दिया जोर

दिनेश तिवारी, जगदीश गौतम, चन्द्रप्रकाश खरे तथा विधानसभा के प्रभारी चित्रकूट २३६ भगवती शरण शुक्ला तथा २३७ मानिकपुर पुरूषोत्तम पांडेय का जोरदार स्वागत हुआ। बैठक को सम्बोधित करते हुए पुरूषोत्तम पांडेय ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्व की शक्ति बन रहा है। मोदी जी सेवा ही संगठन का व्यवहारिक स्वरूप है। भगवती शरण शुक्ला ने कहा कि हर कार्य के लिए कार्यकर्ता व हर कार्यकर्ता के लिए कार्य की नीति पर भाजपा काम करती है। संगठन का विस्तार भौगोलिक और सामाजिक दृष्टि से करना है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा परिवार को सशक्त करके हर बूथ को अजेय बनाना है। अभियानो को धरातल पर क्रियान्वित करना है। जिला मीडिया प्रभारी ने बताया कि प्रभारियों ने आग्रह किया है कि जिला पदाधिकारीगण मण्डल और शक्तिकेन्द्र तक प्रवास तय करके सकारात्मक प्रयास करें। तथा मण्डल पदाधिकारीगण बूथ तक क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। बैठक में अखिलेश, अश्विनी, विपुल, अनूप, दिव्या, विकास, प्रेमलाल, शिवेंद्र, प्रमेन्द्र सिंह, जवाहर, आभेष, ओमप्रकाश बाला, रामबरण, रमाकांत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अपहरण एवं लूट का आरोप, पुलिस जांच में युवक के गुमशुदगी की निकली बात

जौनपुर। सुरेरी थाना क्षेत्र के मुगौना गांव निवासी भीमचंद यादव ने अपने पुत्र राजकुमार के अपहरण, मारपीट और लूटपाट का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। पिता का आरोप था कि दो नकाबपोश बदमाशों ने बेटे को बंधक बनाया और बाइक, नकदी एवं बैंक कार्ड लूटकर उसे गोरखपुर क्षेत्र में बेसुध छोड़ दिया। मामले में थानाध्यक्ष सुरेरी गंगासागर मिश्र ने बताया कि युवक की पूर्व में गुमशुदगी दर्ज थी

मध्यस्थता केन्द्र में संदर्भित करायें अधिकाधिक पत्रावलियां-डीजे

चित्रकूट। उच्चतम न्यायालय तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार चलाये जा रहे राष्ट्र के प्रति मध्यस्थता अभियान ३.० के सफल आयोजन के लिए जनपद न्यायाधीश सुनील कुमार पंचम ने मंगलवार को समस्त न्यायिक अधिकारियों की बैठक आहूत की। जनपद न्यायाधीश ने बताया कि मध्यस्थता अभियान ३.० एक अगस्त से ३१ दिसम्बर तक चलाया जा रहा है। अभियान के अन्तर्गत अब तक कुल ५०८ पत्रावलियां मध्यस्थता के लिए प्राप्त हुयी हैं। जिनमें ३७ पत्रावलियों में मध्यस्थता सफल रही है। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि मध्यस्थता केन्द्र में अधिक से अधिक पत्रावलियां सन्दर्भित करना सुनिश्चित करें। जिससे सुलह के आधार पर निस्तारण कराया जा सके। इस अवसर पर राहुल मिश्रा प्रथम अपर जिला जज, अनुराग कुरील अपर जिला जज एफटीसी, गीता सिंह विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट, राममणि पाठक अपर जिला जज एफटीसी न्यू, रेनू मिश्रा विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, राजेन्द्र प्रसाद भारती मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सचिन कुमार दीक्षित सिविल जज सीडि, इला चौधरी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वर्णिका शुक्ला अपर सिविल जज सीडि, अश्विनी कुमार उपाध्याय सिविल जज सीडि एफटीसी, अंशुमान यादव अपर सिविल जज सीडि, विदिशा भूषण सिविल जज जूडि, एस. आनन्द सिविल जज जूडि मऊ, विरेश कुमार सोनकर न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय मानिकपुर एवं सृष्टि शुक्ला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम उपसथित रहे।

वोट बचाओ, 'देश बचाओ' रैली को लेकर कांग्रेसियों ने की बैठक

चित्रकूट। जिला कांग्रेस कमेटी कैम्प कार्यालय में कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में वोट बचाओ, देश बचाओ कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न हुई।बैठक में जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि एक नवम्बर को दिल्ली के रामलीला मैदान में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन द्वारा रैली विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया जायेगा। जिसमें देश के अनेक प्रदेशों से करीब १० लाख कांग्रेसजन पहुंच कर वोट चोरी के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद करते हुए चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा मांगा जायेगा। उन्होंने कहा वर्तमान भाजपा सरकार ने पूरे देश में चुनाव आयोग के मिलीभगत से करोड़ों की तादात में मतदाताओं को उनके अधिकारों से वंचित करने का काम किया गया है जो लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने कांग्रेसजन से आवाहन किया कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। कहा कि १२ वर्षों के कार्यकाल में भाजपा सरकार संविधान और लोकतंत्र को ताक पर रखकर देशवासियों से झूठे वादे कर धोखा दे रही है।

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव पुष्पेन्द्र सिंह ने अपील करते हुए कहा कि एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली वोट बचाओ देश बचाओ रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे। राहुल गांधी के नेतृत्व में सरकार को उखाड़ फेंकने का कार्य करें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनपद से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी पहुंचकर कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करते नजर आएगे। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, शिवगुलाम वर्मा, अनिल गुप्ता, जिला प्रवक्ता चुनवाद प्रसाद, ओमप्रकाश गुप्ता, अरुण गुप्ता, रावेद्र सिंह पटेल, अजीत मिश्रा एड आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

जीएसटी ब्याज माफी योजना का लाभ उठायें व्यापारी

चित्रकूट। व्यापार बंधु व उद्योग बंधु की बैठक मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में राज्य कर विभाग की ओर से उपायुक्त विक्रम अजीत ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं उद्यमियों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रदेश सरकार ने व्यापारियों और उद्यमियों को विशेष राहत देने के उद्देश्य से ब्याज माफी योजना लागू की है। १६ अक्तूबर से प्रभावी यह महत्वाकांक्षी योजना आगामी तीन माह की अवधि तक लागू रहेगी। इस योजना का क्रियान्वयन राज्य कर विभाग द्वारा किया जा रहा है। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि इस योजना के अंतर्गत ३१ दिसंबर तक उत्तर प्रदेश बकाया कर अधिनियम १९४८, व्यापार कर अधिनियम, वैट अधिनियम, मनोरंजन कर अधिनियम, उत्तर प्रदेश केबल टेलीविजन नेटवर्क (प्रदर्शन) अधिनियम तथा आमोद एवं पणकर

सीडीओ ने बैठक कर अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

अधिनियम के अंतर्गत संचित बकाया कर जमा करने पर ब्याज और अर्थदंड में भारी राहत प्रदान की जायेगी।

मुख्य विकास अधिकारी ने व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों से कहा कि अधिक से अधिक संख्या में व्यापारियों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह सरकार की अत्यंत कल्याणकारी एवं लाभकारी योजना है। सभी पात्र व्यापारी अपना बकाया टैक्स जमा कर इसका लाभ अवश्य उठाएं। साथ ही उन्होंने राज्य कर जीएसटी विभाग को निर्देशित किया कि इस योजना का व्यापक प्रचार प्रसार छोटे एवं स्थानीय स्तर पर भी सुनिश्चित किया जाए। ताकि प्रत्येक पात्र व्यापारी तक इसकी जानकारी सुलभ हो सके। व्यापारियों के मार्गदर्शन के लिए राज्य कर कार्यालय कर्ती में सुबह १० से सायं ५ बजे तक विशेष हेल्प डेस्क क्रियाशील है।

राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर का सीडीओ ने किया निरीक्षण

चित्रकूट। सीडीओ डीपी पाल ने मंगलवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का औचक निरीक्षण किया। साथ में जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता व जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश पाण्डेय सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। इस मौके पर उपस्थित सभी ६८ बच्चों से वार्ता की गयी। बच्चों ने मीनू के अनुसार मिल रहे स्वादिष्ट भोजन पर पूरी संतुष्टि जताई। निरीक्षण के समय संस्था में कक्षा १ से ८ तक के बच्चे अपनी पढ़ाई कर रहे थे और कक्षा ९ से १२ तक के बच्चों की हिंदी की क्लास चल रही थी। बच्चों के मनोरंजन व शारीरिक विकास के लिए उन्हें बैडमिंटन और वालीबाल भी खिलाया जाता है। कैरम और लूडो भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा टीवी और एक लाइब्रेरी की सुविधा भी है। जिसमें बच्चों को प्रेरित करने वाली किताबें मौजूद हैं जो उन्हें आवश्यकतानुसार दी जाती हैं। परिसर में साफ सफाई की व्यवस्था संतोषजनक मिली। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने परिसर को और अधिक साफ सुथरे ढंग से रखने के निर्देश दिए।

किसना ने चित्रकूट में लांच किया एक्सक्लूसिव शोरूम

चित्रकूट। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने जिले के पुरानी बाजार में अपना ३२वाँ एक्सक्लूसिव शोरूम लान्च किया। इस शोरूम का उद्घाटन हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक घनश्याम ढोलकिया ने किया। इसके साथ ही किसना ने राज्य में अपने रिटेल कारोबार के विस्तार की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। शोरूम की शुरुआत के मौके पर किसना कई खास आफर्स दे रहा है। इनमें डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर सौ प्रतिशत तक की छूट और सिर्फ २५: डाउन पेमेंट पर डबल गोल्ड रेट प्रोटेक्शन शामिल हैं। ग्राहक अपनी पुरानी गोल्ड ज्वेलरी एक्सचेंज करके डायमंड ज्वेलरी की खरीद पर १०५ प्रतिशत वैल्यू भी पा सकते हैं। इसके अलावा, डायमंड ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज सहित ९० प्रतिशत बायबैक और ९५ प्रतिशत एक्सचेंज की सुविधा भी दी जा रही है। ग्राहक ग्रैंड लकी ड्रा में हिस्सा लेकर कार या स्कूटर जीतने का मौका भी पा सकते हैं। शोरूम के लान्च के मौके पर किसना के एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर संजीव कुमार श्रीवास्तव, पिता विश्वंभर प्रसाद श्रीवास्तव, माता उमा श्रीवास्तव, पत्नी अंजलि श्रीवास्तव, बेटे पार्थ श्रीवास्तव और बेटी रिद्धिमा श्रीवास्तव सहित उपस्थित रहे।

राज्यस्तरीय कराटेमें प्रयागराजका दबदबा, ३३ स्वर्णके साथ ओवरआल चैम्पियन



मेरठ स्थित पांचाली स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय कराटे चैंपियनशिप में प्रयागराज की कराटे टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए ओवरआल चैंपियनशिप की चमचमाती ट्राफी अपने नाम कर ली। प्रतियोगिता में प्रयागराज के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए कुल ३३ स्वर्ण, १६ रजत और १२ कांस्य सहित ६१ पदक जीते। जिला कराटे संघ के अध्यक्ष डा.शरदनाथ ने जानकारी देते हुए बताया कि पदक विजेता सभी खिलाड़ी 'वीर वेदा मार्शल आर्ट स्कूल' की विभिन्न शाखाओं में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। यह शानदार उपलब्धि खिलाड़ियों ने मुख्य कोच डा.शरदनाथ, एसएन विद्यार्थी, कोच शैलेंद्र कुमार और अभिराज सिंह के कुशल मार्गदर्शन और प्रशिक्षण के दम पर हासिल की है। परिणामों में बालक वर्ग में विराट, अरिहन्त सिंह, उत्कृष्ट सोनकर, अभिनन्दन राय सभी (दो-दो स्वर्ण) प्रशस्त वीर, यश सिंह, आदित्य सिंह, अनुभव सिंह (सभी १ स्वर्ण, १ रजत) व्योम, तत्सत पाण्डे, सम्भ्रान्त वर्मा (सभी १ स्वर्ण, १ कांस्य) आदित्य निषाद, रजनीश ओझा, अंश कुशवाहा स्वर्ण, कुशाग्र (रजत एवं कांस्य) प्यूष (२ रजत), अर्श खान एवं ऋषी कुमार ने रजत पदक हासिल किया। इसी तरह बालिका वर्ग में वर्णिका चौधरी एवं कृति (दो-दो स्वर्ण), प्रतिष्ठा श्रीवास्तव, गीता पथिक, सौम्या दिव्याकृति (सभी १ स्वर्ण, १ रजत), प्रथमांसी यादव, आद्रिक श्रीवास्तव, संस्कृती गुप्ता, सोनम यादव, सृष्टि पाल (सभी १ स्वर्ण, १ कांस्य), आरोही द्विवेदी, वैष्णवी चौहान, आराध्या सिंह (स्वर्ण), अधिरा श्रीवास्तव (रजत एवं कांस्य), कृतिका गुप्ता, आन्या राय, गार्गी द्विवेदी (रजत) तथा आयुषी (२ कांस्य) ने पदक हासिल किया। प्रयागराज की इस ऐतिहासिक सफलता पर जिले के खेल पदाधिकारियों और खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को बधाई दी है।

प्राची वर्माका गोल्डन धमाका, ५८६ अंकोंके साथ प्रयागराज बना मंडलीय चैम्पियन



मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में आयोजित ७०वीं मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता २०२६-२७ का मंगलवार को भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में प्रयागराज के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल ५८६ अंक अर्जित कर ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। कौशांबी उपविजेता और फतेहपुर तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में प्रयागराज की प्राची वर्मा ने अंडर-१९ बालिका वर्ग में ४००, ८०० और १५०० मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। उनकी इस उपलब्धि ने प्रयागराज की चैंपियनशिप में महत्वपूर्ण आकर्षण जोड़ा। प्रतियोगिता के विभिन्न आयु वर्गों में प्रयागराज के खिलाड़ियों ने लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए अंक तालिका में अपनी बढ़त बनाए रखी। मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रयागराज ने अंडर-१४, अंडर-१७ और अंडर-१९ के बालक एवं बालिका वर्गों में प्रथम स्थान हासिल किया। अंडर-१४ बालक वर्ग में प्रयागराज ६४ अंक के साथ प्रथम, फतेहपुर २२ अंक के साथ द्वितीय और कौशांबी १० अंक के साथ तृतीय। अंडर-१४ बालिका वर्ग में प्रयागराज ४२ अंक के साथ प्रथम, कौशांबी ३६ अंक के साथ द्वितीय और फतेहपुर २२ अंक के साथ तृतीय। अंडर-१७ बालक वर्ग में प्रयागराज १०२ अंक के साथ प्रथम, प्रतापगढ़ ४० अंक के साथ द्वितीय और कौशांबी ३० अंक के साथ तृतीय। अंडर-१७ बालिका वर्ग में प्रयागराज १२४ अंक के साथ प्रथम, कौशांबी ३८ अंक के साथ द्वितीय और प्रतापगढ़ २२ अंक के साथ तृतीय। अंडर-१९ बालक वर्ग में प्रयागराज १३६ अंक के साथ प्रथम, कौशांबी ४० अंक के साथ द्वितीय और फतेहपुर २० अंक के साथ तृतीय और अंडर-१९ बालिका वर्ग में प्रयागराज ११८ अंक के साथ प्रथम, कौशांबी ५८ अंक के साथ द्वितीय और प्रतापगढ़ १६ अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहा। इस प्रकार प्रयागराज ने सभी छह वर्गों में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी श्रेष्ठता साबित की। कौशांबी ने कुल मिलाकर उपविजेता का स्थान प्राप्त किया, जबकि फतेहपुर तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक, प्रयागराज मंडल डाक्ट्र बृजेश मिश्रा ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रयागराज में ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दोबारा दिखाने का अवसर मिलेगा। प्रदेशभर से आने वाले खिलाड़ियों को यहां अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का शानदार मंच प्राप्त होगा।

सैयद असद कासिम मेमोरियल अंडर-१६ क्रिकेटका फाइनल आज

सैयद असद कासिम मेमोरियल अंडर-१६ क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एमआईसी ए और रेलगांव क्लब के बीच २८

प्रयागराज खेल

अक्तूबर की सुबह १० बजे से मजीदिया इस्लामिया इंटर कालेज मैदान पर खेला जाएगा। प्रतियोगिता के महासचिव शाहिद अस्करी के अनुसार फाइनल मुकाबले में अपरान्ह तीन बजे समापन समारोह में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एवं उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग के पूर्व अध्यक्ष बीके नारायण मुख्य अतिथि एवं इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित औद्योगिक अधिकरण, उत्तर प्रदेश के पूर्व रजिस्ट्रार मोहम्मद अशरफ विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

न्यू समर्थ हास्पिटलपर इलाहाबाद ब्लास्टर की रोमांचक जीत

गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर मंगलवार को खेले गए रोमांचक क्रिकेट मुकाबले में इलाहाबाद ब्लास्टर ने न्यू समर्थ हास्पिटल को छह विकेट से शिकस्त दी। न्यू समर्थ हास्पिटल के १९१ रनों के लक्ष्य को इलाहाबाद ब्लास्टर ने २०वें ओवर में हासिल कर लिया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यू समर्थ हास्पिटल ने निर्धारित २० ओवर में नौ विकेट पर १९१ रन बनाए। अभिषेक पांडेय ने महज १८ गेंदों पर पांच चौकों और पांच छक्कों की मदद से ५२ रनों की तूफानी पारी खेली। आस्तिक दुबे ने ३९, आलोक यादव और डीके यादव ने २३-२३ तथा अमित श्रीवास्तव ने १४ रन बनाए। इलाहाबाद ब्लास्टर की ओर से बीके राय ने चार विकेट झटके। सुब्रतो, जसप्रीत सिंह, विनीत तिवारी और सैयद आमिर को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इलाहाबाद ब्लास्टर की जीत में शारवील और नितीश सोनू सिंह ने अहम भूमिका निभाई।



शारवील ने ४० गेंदों पर चार चौकों और छह छक्कों की मदद से ७५ रन बनाए, जबकि नितीश सोनू सिंह ने ३० गेंदों पर पांच चौकों और छह छक्कों के सहारे ५९ रनों की विस्फोटक पारी खेली।

दाऊद खान ने १८ रनों का योगदान दिया। न्यू समर्थ हास्पिटल की ओर से ऋषभ शुक्ला ने तीन, आलोक यादव ने दो और अभय सिंह ने एक विकेट हासिल किया। शानदार बल्लेबाजी के लिए शारवील को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मुकाबले में रंजन भारती और राकी राज ने अंपायर की भूमिका निभाई, जबकि सुधांशु ने स्कोरिंग की जिम्मेदारी संभाली।

पूर्व क्रीड़ाध्यक्ष शीला श्रीवास्तवका निधन, दी श्रद्धांजलि

किदवई बालिका इंटर कालेज की पूर्व क्रीड़ाध्यक्षा श्रीमती शीला श्रीवास्तव का अचानक हृदयाघात होने के कारण आकस्मिक निधन हो गया। अपने संपूर्ण जीवन काल में अपने समस्त दायित्वों एवं खेलकूद के प्रति समर्पित रहने वाली कर्मठ शीला श्रीवास्तव जी के आकस्मिक निधन की खबर सुनकर प्रयागराज के शिक्षा एवं खेलकूद जगत में शोक की लहर दौड़ गई। महामना मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही मंडलीय विद्यालय बालक-बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता के समापन के पश्चात जिला क्रीड़ा सचिव बृजेश चंद्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें सीएवी इंटर कालेज के पूर्व प्रवक्ता, शारीरिक शिक्षा डा. अनूप कुमार श्रीवास्तव ने श्रीमती शीला के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि शीला श्रीवास्तव अपने मृदुल व्यवहार एवं कर्तव्यनिष्ठा के कारण खेलकूद के क्षेत्र में अपने दायित्वों के प्रति सदैव सजग एवं समर्पित रही। हम सब उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। शोक सभा की अध्यक्षता कर रहे जिला क्रीड़ा सचिव बृजेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि उनके निधन से खेलकूद जगत में अपूरणीय क्षति हुई है। इस दौरान क्रीड़ा सचिव (बालिका) एवं प्रवक्ता श्रीमती रंजना सिंह इलाहाबाद इंटर कालेज के पूर्व प्रवक्ता, शारीरिक शिक्षा डा.जय प्रकाश शर्मा, सेवा समिति विद्या मंदिर इंटर कालेज के प्रवक्ता, शारीरिक शिक्षा डा. हरिश्चंद्र पटेल, मंडल क्रीड़ा सचिव राज कुमार, रविंद्र कुमार मिश्रा, अरुण कुमार पाण्डेय, ऊषा सिंह, अरविंद कुमार गौतम, राजेश कुमार, अरविंद यादव हरीलाल, सोनू सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मुकेश सिंह, कमलेश पटेल, अनिल कुमार पटेल, विमल भास्कर, विमलेश पाल, पवन कुमार सिंह, अजय कुमार यादव, अश्वनी कुमार यादव, सुषमा कटियार, शैलेंद्र कुमार साहू, प्रसून सिंह, आलोक विश्वकर्मा, सोनिका गुप्ता, डॉ अंजना सिंह, बुलंद प्रताप सिंह, अंकित जायसवाल, आरती सिंह, वीरेंद्र कुमार कुशवाहा, बृजेश कुमार राकेश आदि शिक्षक मौजूद रहे।